तापमान

अधिकतम 32.0 डिग्री

न्यूनतम 22.0 डिग्री

# हरिभूमि वनांचल भूमि

रायपुर, गुरुवार 8 मई 2025

[ बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर ]



13 समाधान शिविर में मिला जीवन को सहारा 52 हितग्राहियों को मिला राशन कार्ड





14 योजनाओं का किया जा रहा बेहतर क्रियान्वयन : केदार




## खबर संक्षेप

### हाई वोल्टेज तार की चपेट में आने से टेंट कर्मचारी झुलसा



**जगदलपुर।** बस्तर थाना क्षेत्र के टाकरागुड़ा ग्राम में चल रहे शादी समारोह में टेंट लगाने के दौरान एक युवक हाई वोल्टेज तार की चपेट में आने से गंभीर रूप से झुलस गया। झुलसे युवक को गंभीर स्थिति में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के मुताबिक घटना बुधवार सुबह लगभग 8 बजे की बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही डॉयल 112 की टीम मौके पर पहुंची जहां कालर से संपर्क करने पर पता चला कि हेमंत ठाकुर पिता नंदू ठाकुर 22 वर्ष गांव में शादी घर पर टेंट लगाने के लिए लोहे की पाइप को लेकर छत पर चढ़ा था। इसी दौरान अचानक छत के ऊपर की ओर हाई वोल्टेज तार था, वह ध्यान नहीं दे पाया। इसी हाई वोल्टेज तार से लोहे का पाइप टच होने से करंट के चपेट में आने से वह बुरी तरह झुलस गया। टीम द्वारा तत्काल उसे सीएचसी बस्तर में ले जाकर भर्ती कराया गया जहां उसका उपचार जारी है। त्वरित कार्रवाई कर झुलसे युवक को अस्पताल पहुंचाने में ईआरवी आरक्षक अजीत मरकाम व चालक सुखनाथ बघेल की महत्वपूर्ण भूमिका रही। बहरहाल घटना की सूचना पर बस्तर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# प्रदेश में पहली बार इंद्रावती टाइगर रिजर्व के 2 गिद्धों को जीपीएस लगाकर छोड़ा

**रिजर्व से सटे गांव मेनूर, बामनपुर, मददेड़ क्षेत्र में 6 गिद्ध मित्र बनाए व ग्रामीणों में कर रहे जागरुकता**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

अलग खबर

छत्तीसगढ़ प्रदेश में पहली बार इंद्रावती टाईगर रिजर्व बीजापुर के 2 गिद्धों को जीपीएस लगाकर छोड़ दिया, इससे हर राज से पर्दा उठेगा। गिद्धों पर जीपीएस ट्रैकर फिट किए गए हैं, ताकि उनकी दिनचर्या, हर हरकत, सुरक्षा और लोकेशन का पता लग सके। खुले आसमान में छोड़ने से पहले दोनों गिद्धों की मेडिकल जांच और मॉफोमेंट्री की गई थी। इन्द्रावती टाईगर रिजर्व बीजापुर के सटे गांव में 205 गिद्ध मिले। जीपीएस ट्रैकर के माध्यम सें उसकी लोकेशन और गतिविधियों की जानकारी कर डाटा तैयार किया जाएगा। पक्षियों की पीठ पर पंखों के बीच उपकरण लगाए गए। सैटेलाइट टैग के माध्यम से इनकी हर गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। साथ ही गिद्धों के भोजन, पानी की स्थिति और वास स्थल की भी जानकारी ली जाएगी। रिजर्व के विशेषज्ञ सूरज नायर ने गिद्धों के संरक्षण के लिए रिजर्व से सटे गांव मेनूर, बामनपुर, मददेड़ क्षेत्र में 6 गिद्ध मित्र बनाए, जो गिद्ध का सर्वेक्षण, रहवास के स्थान, इनके आबादी का अवलोकन, इनके वंशनाश के कारण स्थानीय ग्रामीणों में जागरूकता का प्रचार-प्रसार कर रहे हैं।

### रेस्टोरेंट में मरे मवेशियों को पहुंचा रहे ग्रामीण

बताया जा रहा है कि गिद्धों के भोजन के लिए बीजापुर जिले के मद्देड़ से लगभग 12 किमी दूर सर्वाधिक नक्सल प्रभावित जंगल में गिद्धों के लिए रेस्टोरेंट बनाया है, जिससे बांस एवं बल्ली से बाउंड्री बनाया गया है। आसपास के गांवों के ग्रामीण मवेशियों को मरने के बाद इस रेस्टोरेंट में पहुंचा दे रहे है, जिससे गिद्ध मरे हुए मवेशियों को खा रहे।



**भोजन, पानी की होगी जानकारी :** इंद्रावती टायगर रिजर्व जगदलपुर के मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीवन) और क्षेत्रीय निदेशक आरसी दुग्गा ने इस संबंध में बताया कि 2 गिद्धों पर जीपीएस लगाकर छोड़ा गया, जिससे गिद्धों के भोजन, पानी की स्थिति और वास स्थल की भी जानकारी ली सकेगी।

### महत्वपूर्ण भूमिका निभाते गिद्ध

इंद्रावती टाइगर रिजर्व बीजापुर के उप निदेशक संदीप बलगा ने बताया कि गिद्ध पारिस्थितिकी तंत्र में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उनका संरक्षण न केवल जैव विविधता की रक्षा के लिए आवश्यक है, बल्कि पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने की दृष्टि से भी अनिवार्य है।

## दोनों बच्चे आदिवासी वर्ग से, पिता करते हैं खेती- किसानी का कार्य

# नितेश 12वीं में बस्तर में टॉपर और बजराज 10वीं में जिले में रहे अव्वल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- छग माध्यमिक शिक्षा मंडल ने जारी किया 10वीं व 12वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम

शिक्षा के क्षेत्र में अब ग्रामीण अंचल के बच्चे शहरी बच्चों को चुनौती दे रहे हैं। परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के बाद भी जिले के 10वीं में अव्वल आने वाला होनहार प्रयास विद्यालय धरमपुरा में अध्यनरत बजराज 96.67 प्रतिशत लाकर पूरे जिले में टॉप किया है। वही स्वामी विवेकानंद स्कूल में अध्ययनरत नितेश बघेल पूरे जिले में 12वीं बोर्ड परीक्षा में 93 प्रतिशत लाकर टॉप किया है। दोनों विद्यार्थी पढ़ाई में शुरू से अव्वल रहे है।

10वीं में जिले में अव्वल आने वाला बजराज कोंडागांव जिले के छोटे से गांव बिंजोली के निवासी है,जो जगदलपुर प्रयास विद्यालय धरमपुरा में अध्यनरत है। बजराज ने चर्चा में कहा उनके पिता इस दुनिया में नही है। माता ग्रहणी है। आर्थिक स्थिति से कमजोर बजराज के बड़े भाई गजाधर बघेल ने छोटे भाई को पढ़ाने में मदद की।

बड़े भाई कृषि कार्य मे मेहनत कर छोटे भाई को इस मुकाम तक पहुंचाया। बजराज ने बताया वह बायो संकाय में पढ़ाई कर रहा है। इस वर्ष वह नीट परीक्षा की तैयारी करेगा। उसका लक्ष्य डॉक्टर बनने का है। वह दिन में 6 से 7 घण्टे पढ़ाई करता है। उसने बताया स्कूल से घर आने के बाद वह लगातार रिवीजन करता था। मोबाइल का उपयोग बहुत कम करता है। साथ ही टीवी में केवल समाचार पर फोकस कर राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय घटना व देश की जानकारी लेता है।





### चार्टेड फाइनेंस एनालिस्ट बनना चाहता है नितेश

वहीं 12वीं बोर्ड परीक्षा में टॉप पर स्थान बनाने वाला नितेश बघेल भी ग्रामीण क्षेत्र से है। नितेश ग्राम बड़े मुरमा के निवासी है। नितेश 12वीं में 93 प्रतिशत लाकर पूरे जिले में अव्वल आए हैं। नितेश के पिता पिलाराम बघेल पंचायत सचिव के पद पर कार्य करते हैं। माता इस दुनिया में नहीं है। नितेश ने चर्चा में बताया दो भाई में वह बड़ा है। नितेश स्वामी विवेकानंद स्कूल जगदलपुर में कॉमर्स संकाय में है। वह प्रतिदिन 3 घण्टे पढ़ाई करते थे। नितेश भविष्य में सीएफए याने चार्टेड फाइनेंस एनालिस्ट बनने की चाहत रखते है।

### 10 वीं में जिले में 88.8 और 12 वी में 79.8 प्रतिशत

बस्तर जिले में 10वी में कुल 8694 परीक्षार्थियों ने परीक्षा फार्म जमा किया था। 8544 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मलित हुए। जिसमें 3677 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी के साथ सफल हुए। जबकि 3545 द्वितीय और 324 विद्यार्थी तृतीय श्रेणी में स्थान बनाया। वही 12वीं बोर्ड परीक्षा में जिले में 6702 विद्यार्थियों ने परीक्षा फॉर्म भरा था। 6643 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। प्रथम क्षेणी में पूरे जिले में 2725 विद्यार्थी सफल रहे। जबकि 2872 द्वितीय और 200 विद्यार्थी तृतीय श्रेणी के साथ सफल हुए।

# चोरी मामले में एक नाबालिग समेत तीन शातिर गिरफ्तार

- सामान व नकद बरामद, आरोपी भेजे गए जेल

**जगदलपुर।** बोधघाट पुलिस ने एक नाबालिग समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों द्वारा सूने मकान व सुपर मार्केट में चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था। आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी शलभ कुमार सिन्हा व एएसपी माहेश्वर नाग के मार्गदर्शन व सीएसपी आकाश श्रीमाल के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी बोधघाट लीलाधर राठौर के नेतृत्व में टीम गठित किया गया था। टीम द्वारा चोरी के दो अलग मामले में 2 आरोपी व एक नाबालिग को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों द्वारा 3 मई की रात रामा रेसीडेंसी अघनपुर स्थित नवनिर्मित मकान में घुसकर सामान व 2 मई को चांडक सुपर मार्केट से 16 हजार रुपए नकद चोरी किया गया था। टीम द्वारा



घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज का अवलोकन कर संदेह के आधार पर आरोपी त्रिलोचन उर्फ सोनू कश्यप 19 वर्ष निवासी अटल आवास साईं कालोनी अघनपुर को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ की गई। उसने घटना दिनांक को रामा रेसीडेंसी में अपने नाबालिग दोस्त के साथ मिलकर नवनिर्मित सूने मकान का ताला तोड़कर बिजली का वायर 2 सौ मीटर को अपने पहचान के कबाड़ी वाले जसवीदर सिंग उर्फ जस्सू उर्फ टकलू 20 वर्ष निवासी दंतेश्वरी वार्ड को बेचना स्वीकार किया। मामले में तीनो आरोपियों को गिरफ्तार कर मोबाइल व नकद ▶▶| शेष पेज 12 पर

# सर्वशैक्षिक संगठन ने किया अनिवार्य समर कैम्प का विरोध



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- शासन के प्रावधानों के ठीक विपरीत प्रशासन द्वारा समर कैंप को किया अनिवार्य

सर्वशैक्षिक संगठन ने जिला शिक्षा अधिकारी बलीराम बघेल से भेंटकर अनिवार्य समर कैम्प का विरोध किया। संघ ने बताया कि छग शासन स्कूल शिक्षा विभाग से जारी आदेश में सचिव के द्वारा ग्रीष्मकालीन अवकाश में विद्यार्थियों के लिए समर कैंप स्वैच्छिक आयोजित करने का सुझाव दिया गया है। साथ ही पत्र में 1 मई से 15 जून तक ग्रीष्मकालीन अवकाश प्रभावित होने का भी उल्लेख किया गया है। समर कैंप स्वैच्छिक व पालक शिक्षक समिति के सहमति से ही आयोजित करने कहा गया है। मुख्यमंत्री ने भी अपने ट्विटर हैंडल में 25 अप्रैल से 15 जून तक ग्रीष्मकालीन अवकाश की घोषणा करते हुए बच्चों से भरपूर पानी पीने घर पर रहकर रचनात्मक गतिविधि करते रहने तथा छुट्टी का आनंद लेने की अपील की है। पत्र में उल्लेखित प्रावधानों के ठीक विपरीत जिला प्रशासन के द्वारा समर कैंप को अनिवार्य कर प्रतिदिन फोटोग्राफ भेजने कहा गया है। शासन के पत्र को अतिक्रमित करना आश्चर्य का विषय है। समर कैंप की अनिवार्यता संबंधी निर्देश तत्काल वापस लेते हुए, ग्रीष्मकालीन अवकाश बंद कर समस्त शिक्षकों को 30 दिन की ई एल तथा प्रत्येक शनिवार अवकाश के लिए आदेश जारी किये जाने के लिए मांगपत्र प्रेषित किया गया।

### ये रहे उपस्थित

इस दौरान सर्वशैक्षिक संघ के गजेंद्र श्रीवास्तव, सतपाल शर्मा, देवदास कश्यप, प्रवीण श्रीवास्तव,अखिलेश त्रिपाठी, अजय श्रीवास्तव, देवराज खूंटे , जे आर कोसरिया, रज्जी वर्गिस , भूपेश पानीग्राही, अनिल गुप्ता, प्रमोद पांडे, गणेश्वर नायक एवं अत्यधिक संख्या में शिक्षक साथी उपस्थित रहे।

# भारतीय सेना की वीरता और देशभक्ति का गौरव है पाकिस्तान में सफल एयर स्ट्राइक : महापौर

**जगदलपुर।** महापौर संजय पाण्डे ने कहा कि भारतीय सशस्त्र बलों ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर पीओके में आतंकवादियों के 9 ठिकानों पर सटीक और प्रभावी एयर स्ट्राइक कर पहलगाम के शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि दी है। उन्होंने कहा जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए कायरतापूर्ण आतंकी हमले, जिसमें 26 निर्दोष नागरिकों की जान गई ने पूरे राष्ट्र को झकझोर दिया था। भारतीय वायुसेना ने एक बार फिर अपनी अदम्य शौर्य और देशभक्ति का परिचय देते हुए पाकिस्तान की धरती पर आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक एयर स्ट्राइक को अंजाम दिया है। यह ऑपरेशन न केवल हमारी सेना की सामरिक कुशलता का प्रतीक है, बल्कि भारत की संप्रभुता और सुरक्षा के प्रति हमारी अटूट प्रतिबद्धता का भी जीवंत प्रमाण है। हमारे वीर जवानों ने अथक साहस और पराक्रम के साथ आतंकवाद के गढ़ों को नेस्तनाबूद कर देश के शत्रुओं को स्पष्ट संदेश दिया है कि भारत अपनी मातृभूमि की रक्षा के लिए कड़े से कड़ा कदम उठा सकता है।



### नया भारत न तो चुप बैठता और ना ही झुकता

महापौर ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने एक बार फिर दुनिया को दिखा दिया है कि नया भारत न तो चुप बैठता है और ना ही झुकता है। हमारे सशस्त्र बलों ने अपनी वीरता से यह संदेश दिया है कि भारत की संप्रभुता और नागरिकों की सुरक्षा के साथ कोई समझौता नहीं होगा। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल के मार्गदर्शन में यह ऑपरेशन न केवल सैन्य शक्ति का प्रदर्शन है, बल्कि भारत के 140 करोड़ नागरिकों के संकल्प और एकजुटता का प्रतीक भी है।

## नियद नेल्लानार योजना से दोनों पारे में हुआ विद्युतीकरण

# बिजली होने से ग्रामीणों को जहरीले कीड़े, मकोड़ों से भय नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- मुलेर में दो पारे व फूलनपाड़ में बिजली नहीं होने से रहता था सर्प, बिच्छू के डंस का भय

सर्वाधिक नक्सल प्रभावित सुकमा जिले के फूलनपाड़ एवं दंतेवाड़ा जिले के ग्राम मुलेर के दो पारा में बिजली नहीं होने से ग्रामीणों को हमेशा जहरीले सर्प, बिच्छू सहित अन्य कीड़े-मकोड़ों के दंश का हमेशा डर लगता था। ग्रामीणों की मांग पर शासन के निर्देश पर विद्युत कंपनी ने नियद नेल्लानार योजना से दोनों के पारे को विद्युतकरण किया। दोनों में बिजली पहुंचने से ग्रामीण रात को चैन से सो पा रहे हैं और जहरीले कीड़े, मकोड़ों से डर नहीं लग रहा है।

साथ ही पढ़ने वाले बच्चे रात में आसानी से अध्ययन कर रहे हैं। फूलनपाड़ निवासी बुधरी ने बताया कि अब घर में टीवी लाएंगे, जिससे देश की खबरें देख पाएंगे। वहीं कंपनी के अधिकारी ने बताया कि सुकमा जिले के फूलनपाड़ एवं दंतेवाड़ा जिले के ग्राम मुलेर के दो पारा में बिजली पहुंचाया, जिससे ग्रामीणों का राहत मिली। साथ ही दंतेवाडा जिले ग्राम मुलेर में दो पारे में का विद्युतीकरण किया जाकर 30 बीपीएल कनेक्शन दिया गया। पांच पारे का विद्युतीकरण वर्तमान में प्रगति पर है।



### डीई, एई व जेई को दिए गए हैं निर्देश

विद्युत कंपनी जगदलपुर क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक एसके ठाकुर ने बताया कि क्षेत्र के कार्यपालन अभियंता, सहायक, कनिष्ठ अभियंताओं को निर्देश दिया है। कहा गया है कि ग्रामीणों की बिजली संबंधित शिकायतों पर तत्काल निराकरण करें।




# क्षेत्रवासियों की खुशहाली का वादा पूरा करने साय सरकार सुशासन तिहार मना रही : केदार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर

वनमंत्री केदार कश्यप बुधवार को नारायणपुर विधानसभा क्षेत्र के बस्तर विकास खंड में 52 लाख रुपए के विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। उन्होंने कहा कि बस्तर के विकास के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की भाजपा सरकार संकल्पित है। प्रधानमंत्री मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ को विकसित प्रदेश बनाने का हमारा सपना अब साकार होने लगा है। उन्होंने कहा कि सरकार नियद नेल्लानार जैसे महत्वपूर्ण योजनाओं के माध्यम से बस्तर के दूरस्थ क्षेत्रों में मूलभुत अवश्यकताओं को पूरा कर रही है।

हमारी सरकार ने आज नक्सलवाद को बस्तर से समाप्त करने का कठोर कदम उठाया है। आज परिणाम सबके समक्ष है बस्तर से नक्सलवाद समाप्त होता दिख रहा है। नक्सल मुक्त और विकास के मार्ग में आगे बढ़ रहा है। वनमंत्री भानपुरी के ग्राम सोरगांव, तूरपुरा एवं केशरपाल में विभिन्न विकासकार्यों का भूमिपूजन व लोकार्पण कर क्षेत्रवासियों को सौगात समर्पित किया। उन्होंने कहा हमारी साय सरकार ने बस्तर वासियों से जो वाद किया उसे पूरा करने का प्रयास कर रही है।

इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप, जनपद पंचायत अध्यक्ष संतोष बघेल जी, जिला पंचायत सदस्य निर्देश दीवान, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष रूपसिंह मंडावी, भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रवीण सांखला, विजय पांडेय, ख़तिश मौर्य, गौरव कश्यप सहित क्षेत्रीय जनप्रतिनिधिगण एवं भाजपा पदाधिकारीगण व अन्य गणमान्य जन उपस्थित रहे।

**वन मंत्री ने 52 लाख के विकास कार्यों का किया भूमिपूजन**





### पाकिस्तान को दिया मुहतोड़ जवाब

मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि पहलगाम कि घटना हमारे देश के लिये दुःखद घटना थी। देश को इस घटना ने झंकझोर कर रख दिया था। लेकिन आज जिस प्रकार से शक्तिशाली नेतृत्व के कारण देश हर स्तर पर मजबूत हुआ है उसका ही परिणाम है कि पाकिस्तान पर हमारे देश के वीर योद्धाओं ने ऑपरेशन सिन्दूर के माध्यम से पाकिस्तान को मुंह तोड़ जवाब दिया है। इस जवाब ने विपक्ष के मुंह को बंद कर दिया है। आज पूरा देश प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व क्षमता का तारीफ कर रहा है। मोदी ने एक बार फिर यह साबित किया है कि हम घर में घुस कर मारेंगे।

## खबर संक्षेप

### पाकिस्तान पर हुए एयर स्ट्राइक की विधायक ने की सराहना

**फरसगांव।** केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम ने पाकिस्तान पर की गई एयर स्ट्राइक पर अपनी प्रतिक्रिया दी है।



उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार ने आतंकवादियों के 9 ठिकानों को ध्वस्त करने का जो साहसिक कदम उठाया है, वह सराहनीय है। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर की सराहना करते हुए कहा कि पहलगाम में पर्यटकों की हत्या का बदला लेकर देश ने सही जवाब दिया है। साथ ही उन्होंने सरकार से अपील की कि पाकिस्तान पर और कड़ी कार्रवाई की जाए।
विधायक श्री टेकाम ने कहा कि आज भारत देश का हर वर्ग हमारी सेना के साथ एकजुट होकर खड़ा है। यह भारत की एकता उर अखण्डता को प्रदर्शित करता है। यह पाकिस्तान पर किया गया भारत की ओर से अब तक का सबसे बड़ा हवाई हमला है। चूंकि पाकिस्तानी आतंकवादियों द्वारा की गई घटना के मुकाबले यह कार्रवाई कम है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से अपील है कि ऐसी ही कार्रवाई आगे भी जारी रखें, ताकि भविष्य में पाकिस्तान दोबारा ऐसी कायराना हरकत न करें।

### जिले में जल संरक्षण को लेकर आज से शुरू होगा महाअभियान

**कांकेर।** जल संरक्षण को लेकर जिले में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं, जिसके तहत सबके जुबानी-बचाबो पानी महाभियान के तहत कांकेर जनपद पंचायत के अंतर्गत ग्राम पंचायत डुमाली में 8 मई से प्रारंभ किया जाएगा। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता ने बताया कि इस अभियान के तहत पारंपरिक जल स्त्रोंतों का पुनर्जीवन, वर्षा जल संग्रहण और भू-जल स्तर को पुनः स्थापित करने हेतु प्रत्येक पंचायत में जल संरक्षण पर शपथ ग्रहण, जागरुकता रैली, पोखर, तालाब एवं जल स्त्रोतों की साफ-सफाई, पुनर्भरण के लिए श्रमदान से नवीनीकरण तथा वर्षाजल संग्रहण के लिए एक-एक रिचार्ज पीट श्रमदान से तैयार करवाना व ग्रेवाटर प्रबंधन के लिए स्थल का चयन किया जाएगा।

### आज लगेगा सुशासन समाधान शिविर

**कांकेर।** सुशासन तिहार के तीसरे चरण का चौथा शिविर 8 मई को चारामा, कांकेर और दुर्गूकोंदल विकासखंड में लगाया जाएगा। शिविर में आमजन की समस्याओं का निराकरण किया जाएगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेशव्यापी सुशासन तिहार के तीसरे चरण का आयोजन 31 मई तक किया जाएगा। 8 मई को जनपद पंचायत चारामा के क्लस्टर चारभाठा अंतर्गत ग्राम कसावाही, डोकला, भर्रीटोला, माहुद, गिरहोला, चारभाठा, साल्हेटोला, मुड़खुसरा, आंवरी, डेढ़कोहका और कुरूटोला शामिल हैं।

## पेज 11 के शेष

### चोरी मामले में एक...

4 हजार बरामद कर न्यायालय में पेश किया गया। आरोपियों को न्यायिक रिमाण्ड में जेल भेजा गया।
**कार्रवाई में इनकी रही महत्वपूर्ण भूमिका :** कार्रवाई में बोधघाट थाना प्रभारी निरीक्षक लीलाधर राठौर के अलावा सुरेश जांगड़े, एसआई अरूण मरकाम, प्रमोद ठाकुर, एएसआई दिनेश उसेंडी, प्रधान आरक्षक नितेश मेश्राम, सुनील मनहर, आरक्षक प्रकाश नायक, राजेश कश्यप, भूपेंद नेताम व महेंद्र पटेल की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### मुख्यमंत्री ने लॉन्च की रजिस्ट्री प्रक्रिया की '10' क्रांति

# रजिस्ट्री प्रक्रिया में टेक्नोलॉजी आधारित दस नवाचारों से नागरिकों को मिलेगी सहूलियत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कोण्डागांव

राज्य सरकार सभी स्तर पर डिजिटल गवर्नेस को अपना कर सुशासन स्थापना की दिशा में कार्य करते हुए शासकीय काम–काज में पारदर्शिता ला रही है। साथ ही शासकीय योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित कर इनका लाभ आमजन तक समय पर पहुंचाया जा रहा है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा पंजीयन की 10 क्रांति के अंतर्गत रजिस्ट्री प्रक्रिया में टेक्नोलॉजी आधारित दस नवाचारों का शुभारंभ किया गया है।

डिजिटल गवर्नेस का बेहतरीन उदाहरण इन 10 क्रांतिकारी पहल में है जो पंजीयन विभाग के माध्यम से किए गए हैं। कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना द्वारा राज्य शासन की इस पहल की व्यापक प्रचार प्रसार करने के निर्देश सभी तहसीलदारों को दिए गए हैं जिससे जिले के नागरिक पंजीयन संबंधी सुविधाओं का लाभ उठा सकें।

**पंजीयन साफ्टवेयर को आधार लिंक किया गया है, पंजीयन के समय क्रेता–**विक्रेता एवं गवाहों की पहचान आधार रिकार्ड के माध्यम से की जाएगी जिससे गलत व्यक्ति को खड़े कराकर पंजीयन नही हो सकेगा। आम जनता को फर्जीवाड़े का शिकार नही होना पड़ेगा।

**ऑनलाईन सर्च एवं डाउनलोड की सुविधा** – आम आदमी वर्षों की जमा पूंजी लगाकर स्वयं का घर खरीदते है, इसलिए संपत्ती खरीदने



से पहले पूरी जांच पड़ताल आवश्यक है। अभी रजिस्ट्री की जानकारी के लिए पंजीयन कार्यालय में स्वयं या वकील के माध्यम से उपस्थित होकर सर्च करना पड़ता है, ऑनलाईन सर्च का प्रावधान होने से खसरा नंबर डालते ही उस खसरे के पूर्व के समस्त लेनदेन की जानकारी एक क्लिक पर प्राप्त हो सकेगी।

**भारमुक्त प्रमाण पत्र की सुविधा** – भार मुक्त प्रमाण पत्र एक बहुत ही आवश्यक प्रमाणपत्र है जो संपत्ति खरीदने के पूर्व उसकी जानकारी उपलब्ध कराता है। यह प्रमाणपत्र अब आनलाइन ही प्रदाय किया जा सकेगा।

**एकीकृत कैशलेस भुगतान की सुविधा–** पहले रजिस्ट्री कराने के लिए स्टाम्प शुल्क और पंजीयन शुल्क का अलग अलग जगह और समय पर भुगतान करना पड़ता था। अब स्टाम्प एवं पंजीयन शुल्क को एक साथ लिये जाने के लिए एकीकृत कैशलस सिस्टम तैयार किया गया है। स्टाम्प एवं पंजीयन शुल्क का एकसाथ सुविधानुसार क्रेडिट डेबिट कार्ड, पीओएस मशीन, नेट बैंकिंग अथवा यूपीआई से फीस का भुगतान हो सकेगा।

**व्हाट्सएप मैसेज सर्विसेज** – व्हाट्सएप आज के समय में सर्वाधिक उपयोग हो रहा सोशल मीडिया प्लेटफार्म है। पंजीयन कराने वाले क्रेता–विक्रेता को अपाईन्टमेंट सहित पंजीयन होने तक सभी प्रकार के अपडेट एवं एलर्ट व्हाट्सएप में ही प्राप्त होंगे। रजिस्ट्री की प्रति भी व्हाट्सएप से ही डाउनलोड हो जायेगी। इस सुविधा के माध्यम से फीडबैक एवं शिकायतें भी व्हाट्सएप के माध्यम से की जा सकेंगी।

**डिजीलॉकर की सुविधा** – रजिस्ट्री दस्तावेजों को डिजिलॉकर में सुरक्षित स्टोर किया जाएगा, ताकि आवश्यकता पड़ने पर पक्षकार को आसानी से डिजीटल प्रमाणित दस्तावेज उपलब्ध हो जाए।

**आटो डीड जनरेशन की सुविधा** – जनता की सुविधा के लिए रजिस्ट्री को पेपर लेस बनाया गया है। ऑनलाईन दस्तावेज प्रारूप का चयन कर पक्षकार और संपत्ति विवरण दर्ज करने पर स्वतः ही दस्तावेज तैयार हो जाएगा। वही दस्तावेज पेपरलेस होकर उप पंजीयक को ऑनलाइन प्रस्तुत होगा।

**डिजीडॉक्यूमेंट की सुविधा** – कुछ दस्तावेज जिसमें स्टाम्प लगाना आवश्यक है, परन्तु पंजीयन अनिवार्य नही है जैसे कि शपथ पत्र, अनुबंध पत्र ।इनका प्रारूप ऑनलाईन डिजीडॉक्यूमेंट से तैयार कर स्टाम्प शुल्क भी डिजीटल रूप से चुकाया जा सकेगा। दस्तावेज तैयार करने और स्टाम्प के लिए अलग–अलग जगह जाने की आवश्यकता नहीं है।

### घर बैठे रजिस्ट्री की सुविधा

जनता की सुविधा के लिए रजिस्ट्री को पेपरलेस किया गया है। दस्तावेज का प्रारूप चयन करने से ऑनलाईन दस्तावेज तैयार हो जाएगा स्टाम्प और पंजीयन फीस ऑनलाईन चुकाकर पक्षकार पंजीयन के लिए अपाइन्टमेंट लेकर घर बैठे ही आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से पंजीयन करा सकेंगे। रजिस्ट्री पूर्ण होते ही दस्तावेज स्वतः ही ऑनलाइन प्राप्त हो जाएगा।

### स्वतः नामांतरण की सुविधा इत्यादि

अचल संपत्ति खरीदने के लिए पंजीयन कराया जाता है। उसके बाद उसे राजस्व रिकार्ड में अद्यतन कराना पड़ता हैं, नामांतरण की इस प्रक्रिया में महीने लग जाते थे, इस बीच वही संपत्ति अन्य को बेच दिये जाने पर पीड़ित पक्षकारों को न्याय के लिए वर्षोर् इंतजार करना पड़ता है। अब पंजीयन के तुरंत बाद ही स्वतः नामांतरण होने से न केवल समय की बचत होगी बल्कि आम जनता को फर्जीवाड़े का शिकार भी नही होना पड़ेगा।



## जामगांव उपकेन्द्र का कलेक्टर ने किया निरीक्षण, मशीनरी बढ़ाने के दिए निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▸▸ कोण्डागांव

कलेक्टर नुपूर राशि पन्ना ने सोमवार को केशकाल विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम खाले मुरवेण्ड के उप स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सभी कक्षों का अवलोकन करते हुए उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया और वहां बाउंड्रीवॉल बनाने के निर्देश दिए।

■ केशकाल बायपास मार्ग निर्माण की प्रगति का लिया जायजा

उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित स्वास्थ्य केंद्रों में सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखें। कलेक्टर ने जामगांव में बन रहे विद्युत उपकेन्द्र के कार्यों का निरीक्षण किया और मशीनरी बढ़ाते हुए कार्य में प्रगति लाने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने केशकाल में बन रहे बायपास मार्ग का भी निरीक्षण करते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग मार्ग के अधिकारियों से निर्माण कार्य के बारे में विस्तृत जानकारी ली।

**ये रहे उपस्थित** – इस दौरान जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, एस डी एम केशकाल अंकित चौहान सहित संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

## भानपुरी हायर सेकंडरी में अर्पिता अव्वल और 10वीं में तनुज प्रथम

**भानपुरी/जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल में बुधवार को 12 और 10 वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया है। बस्तर जिले के भानपुरी हायर सेकंडरी स्कूल के 5 विधार्थी मेरिट में स्थान लाने में सफल हुए है। हायर सेकंडरी स्कूल भानपुरी 10 वीं परीक्षा में कुल 68 विधार्थी सम्मलित हुए। जिसमें 37 विद्यार्थी सफल हुए। वही 5 विद्यार्थी असफल और 2 विद्यार्थी पूरक है। 10वी ने 27 विधार्थी प्रथम,29 द्वितीय और एक विधार्थी तृतीय स्थान पर सम्मलित है। सर्वाधिक अंक तनुज दीवान ने पूरे स्कूल में 85.6 प्रतिशत लाकर टॉप पर रह। इसी तरह 12 वी कला संकाय में 32 विद्यार्थी में 30 विधार्थी सफल रहे एक असफल और एक पूरक है। कला संकाय में प्रथम 10 विद्यार्थी, द्वितीय 10 व 4 विद्यार्थीतृतीय स्थान पर है। इसमें इसाक कुमार पूरे स्कूल में 74.8 प्रतिशत के साथ अव्वल रहा।गणित संकाय में शतप्रतिशत परीक्षा परिणाम था। इस संकाय में 8



विधार्थी परीक्षा में बौठे सभी विधार्थी सफल रहे। जिसमें प्रथम स्थान पर 4 और द्वितीत में 4 विधार्थी सम्मलित थे। गणित संकाय में तमन्ना देवांगन 79.4 प्रतिशत लाकर स्कूल में अव्वल रही। इसी तरह जीव विज्ञान संकाय का परीक्षा परिणाम भी शतप्रतिशत रहा। 35 विद्यार्थी में सभी सफल रहे। जुसमे जमुना कश्यप 73 प्रतिशत के साथ स्कूल में अव्वल रही। जबकि वाणिज्य संकाय में 14 विधार्थियो में सभी 14 सफल रहे। जिसमे 7 प्रथम व 7 द्वितीय स्थान में रहे। अर्पित गुप्ता पूरे संकाय में अव्वल रही।

## जुताई करने से मना करने पर कुल्हाड़ी से किया हमला

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर

हल्बा में विवादित जमीन में जुताई करने से मना करने पर आरोपी ने कुल्हाड़ी से हमला करते हुए एक ग्रामीण को घायल कर दिया, ग्रामीण ने बचाव कर लिया, नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था। आरोपी ने मारपीट कर उसे जान से मारने की धमकी दिया, जिसकी शिकायत पर पुलिस ने मामला पंजीबद्ध करते हुए विवेचना में लिया है।

चौकी हल्बा में शिकायत करने पहुंचे धमतरी जिला के अकलाडोंगरी थानांतर्गत ग्राम मोंगरागहन निवासी 55 वर्षीय सुदामा सलाम पिता स्व. भोंदू राम सलाम ने पुलिस को बताया कि 6 मई की सुबह लगभग साढ़े 8 बजे ग्राम हल्बा में स्थित मेरे कब्जे की खेती जमीन पर राजकुमार शोरी हल्बा निवासी द्वारा ट्रैक्टर से जुताई कर रहा था। उसी समय अपने लड़के राजकुमार सलाम, भाई कृष्णा सलाम एवं भतीजा सतीश सलाम के साथ खेत में जाकर राजकुमार शोरी को बोला कि यह जमीन विवादित है, इसमें जुताई नहीं करना है, ऐसा समझा रहे थे। खेत में जुताई करने वाले राजकुमार शोरी मुझे गाली देते हुए मारपीट करने लगा और कुल्हाड़ी से जान से मारने की धमकी देते हुए मुझे और मेरे बेटे राजकुमार पर कुल्हाड़ी से हमला बोल दिया। मैंने और बेटे ने बचाव कर लिया, नहीं तो हम लोगों के साथ बड़ी अनहोनी हो सकती थी। आरोपी को विवादित जमीन पर जुताई नहीं करने के लिए कई बार समझाइश दिया जा चुका है। उसके बाद भी नहीं मानता है और मना करने पर इस प्रकार के वारदात को अंजाम देता है।

## नलजल योजना में भानबेड़ा में नहीं मिल रहा जल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भानुप्रतापपुर

भानबेड़ा में नल जल योजना के बंद होने के चलते गर्मी में ग्रामीणों को संकट का सामना करना पड़ रहा है। सरकार की महत्वाकांक्षी हर घर नल जल योजना भानबेड़ा में मजाक बनकर रह गई है।

विकासखंड भानुप्रतापपुर के ग्राम भानबेड़ा के ग्रामीण गर्मी की शुरुआत के साथ ही जल संकट से परेशानी बढ़ा दिया है। पानी के लिए ग्रामीणों को दर-दर भटकना पड़ रहा है।

ग्रामीण सुबह से पानी की व्यवस्था के लिए कुए, बोरिंग, झरिया के चक्कर काटते हुए नजर आ रहे है। पानी की समस्या को लेकर भानबेड़ा गाँव से विमला कचलाम,सुकन्या नुरेटी, वरबत्ती कुंजन, याबत्ती सलाम, राजेश्वरी नुरेटी, राम सलाम, सीमा विश्वकर्मा एवं अन्य महिलाओ ने वास्तविक स्थिति बताते हुये कहा कि दो साल पहले नल-जल योजना के तहत उनके घरों में पाइप तो लगा दिए गए, लेकिन अब तक एक बूंद भी पानी नहीं आया।

यहां तक कि लगाए गए नल टूट चुके हैं और किसी का ध्यान इस ओर नहीं है। स्थानीय स्तर और विकासखंड स्तर के अमले को कई बार बताया गया है, परंतु इसके सुधार के लिए कोई पहल नहीं करते है। पंचायत प्रतिनिधियों को भी इसकी जानकारी है। उनके द्वारा पहल किए जाने की माँग किया गया है। विभाग के जिम्मेदार अधिकारी इस योजना की समीक्षा करने। पानी की समस्या से निजात दिलाने की बात करते नहीं थकते वहीं दूसरी ओर गांव के हालात जमीनी हकीकत को उजागर कर रहे हैं।



### सुधार की किया माँग, नहीं तो होगा आंदोलन

ग्रामीणों ने नल जल योजना में सुधार लाकर गांव में पानी उपलब्ध करवाने की माँग किया है। ग्रामीण मीडिया के माध्यम से संज्ञान में लाने के बाद भी कोई पहल नहीं होती है तो मजबूरी में इस समस्या के निदान लिए आंदोलन करने के लिए ग्रामीणों को मजबूर होना पड़ेगा।

### सुशासन तिहार 2025, समाधान शिविर में ग्रामीणों को मिली राहत

# देवगांव शिविर में 153 आवेदनों में से 50 का मौके पर निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फरसगांव

छत्तीसगढ़ शासन की जनकल्याणकारी पहल सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत विकासखंड फरसगांव के ग्राम देवगांव में 7 मई को क्लस्टर स्तरीय समाधान शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य आम जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान करना था।

शिविर का शुभारंभ जनपद पंचायत फरसगांव के अध्यक्ष मानकु राम नेताम, उपाध्यक्ष जदू राम नाग, ग्राम सरपंच, पंच व गांव के परंपरागत पुजारियों की उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी, अविनाश भोई द्वारा किया गया। इस शिविर में



कुल 153 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 50 का समाधान मौके पर ही किया गया। शेष आवेदनों को संबंधित विभागों को सौंपकर निर्धारित समय-सीमा में निराकरण की प्रक्रिया जारी है।

### 255 ग्रामीणों की हुई स्वास्थ्य जांच, 56 का बना आधार कार्ड

स्वास्थ्य विभाग द्वारा 255 ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच की गई, जबकि च्वाइस सेंटर के माध्यम से 56 लोगों के आधार कार्ड बनाए गए। उद्यानिकी विभाग ने 20 सब्जी बीज वितरित किए, मत्स्य विभाग ने 2 जाल प्रदान किए। मनरेगा के अंतर्गत 9 जॉब कार्ड, 10 किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड, 5 किसान पुस्तिकाएं, 15 जाति प्रमाण पत्र एवं 25 राशन कार्ड का वितरण किया गया।

### ये रहे उपस्थित

शिविर में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अश्वन कुमार पुसाम, जनपद के मुख्य कार्यपालन आधिकारी रामेश्वर महापात्र एवं रूपेन्द्र नेताम सहित जिला व खंड स्तर के अधिकारी, पंचायत प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। यह समाधान शिविर शासन की प्रतिबद्धता को दर्शाता है कि वह विकास और जनसेवा को गांव-गांव तक पहुंचाने के लिए तत्पर है।

## जर्जर छात्रावास में रहने को छात्र- छात्राएं मजबूर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर

सामान्य बालक एवं बालिका छात्रावास बहुत समय से जर्जर अवस्था को देखते हुए एबीवीपी के पदाधिकारियों ने विधायक आशाराम नेताम से मुलाकात कर विद्यार्थियों को रहने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था करने की माँग किया है।

एबीवीपी के पदाधिकारियो ने विधायक को बताया कि 2 जुलाई 2024 को महाविद्यालय प्राचार्य द्वारा जर्जर भवन को खाली करने का लिखित आदेश जारी किया था, परन्तु विद्यार्थियों के रहने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था नही की गई है। जिसके कारण जर्जर भवन में रहने को विद्यार्थी मजबूर है। विधायक ने समस्या के निदान का आश्वासन दिया। एबीवीपी के पदाधिकारियों का कहना है कि सामान्य बालक एवं बालिका छात्रावास के विद्यार्थियों के रहने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की जाए। उसके बाद छात्रावास को ध्वस्त करके 200 सीटर का नया छात्रावास निर्माण करवाया जाए। एबीवीपी के कार्यकर्ताओं ने इस विषय में भानुप्रतापदेव शा. स्नातकोत्तर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सरला आत्राम से भी चर्चा किया, जिसमें उक्त विषय के साथ साथ भूमि अधिग्रहण के विषय पर भी बात हुई।

## खबर संक्षेप

### समाधान शिविरों में गुणवत्तापूर्ण निराकरण करें: कलेक्टर

**सुकमा।** कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने समय-सीमा की बैठक में अधिकारियों को समाधान शिविरों के आयोजन को लेकर सख्त निर्देश दिए हैं।



उन्होंने कहा कि सभी विभाग अनिवार्य रूप से शिविर स्थल पर स्टॉल लगाएं और उपस्थित रहें। साथ ही सभी योजनाओं की जानकारी पंपलेट के माध्यम से वितरित की जाए। कलेक्टर ने कहा कि शिविरों में प्राप्त आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों की विभागवार विस्तृत समीक्षा की और संबंधित विभागों को निर्धारित समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिए। विशेष रूप से विद्युत, पेयजल, कृषि और राजस्व जैसे विभागों को प्राथमिकता के साथ कार्य करने को कहा गया है। मुख्यमंत्री जनदर्शन के तहत प्राप्त आवेदनों के त्वरित निराकरण के भी निर्देश दिए गए। बैठक में निर्माण कार्यों की भी समीक्षा हुई। कलेक्टर ने कहा कि निर्माणाधीन सड़कों के लक्ष्य निर्धारित कर कार्य किए जाएं ताकि तय समय सीमा में काम पूरा हो सके।

### विश्व रेडक्रॉस दिवस पर रक्तदान शिविर आज

**सुकमा।** विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर सुकमा जिला रेडक्रॉस शाखा द्वारा 8 मई को एक विशेष रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस संदर्भ में शबरी जन सेवा ट्रस्ट द्वारा पूर्व में संबंधित संस्थाओं और नागरिकों को आमंत्रित करते हुए एक पत्र प्रेषित किया गया था। रक्तदान जैसे पुनीत कार्य से न केवल जरूरतमंदों की जान बचाई जा सकती है, बल्कि यह समाज में सहयोग और सेवा की भावना को भी प्रोत्साहित करता है।

### जल जीवन मिशन कार्यों का कलेक्टर ने किया निरीक्षण



**सुकमा।** जिला सुकमा के ग्राम नागारास में चल रहे जल जीवन मिशन के कार्यों का निरीक्षण विगत दिवस को कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्य की प्रगति का जायजा लिया और मौके पर उपस्थित अधिकारियों एवं ठेकेदारों को कार्य को गुणवत्ता के साथ समयसीमा के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि जल जीवन मिशन आमजन को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, और इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने विभागीय अधिकारियों से कहा कि कार्य की सतत निगरानी सुनिश्चित करें ताकि ग्रामीणों को जल्द से जल्द इस योजना का लाभ प्राप्त हो सके।

### नेशनल लोक अदालत 10 को

**बीजापुर।** 10 मई को आयोजित होने वाले नेशनल लोक अदालत के लिए खण्डपीठ पीठासीन अधिकारी का गठन किया गया है जिसके अंतर्गत जागेश्वर कौशल अनुविभागीय अधिकारी रा. बीजापुर, विकास सर्वे, अनुविभागीय रा. भैरमगढ़, यशवंत नाग अनुविभागीय अधिकारी रा. भोपालपटनम, भूपेन्द्र गावरे अनुविभागीय अधिकारी रा. उसूर, डीआर ध्रुव तहसीलदार बीजापुर, लोकेश ठाकुर तहसीलदार गंगालूर, लक्ष्मण कुमार राठिया तहसीलदार भोपालपटनम, देवनंद तहसीलदार उसूर, प्रियंका बंजारा तहसीलदार भैरमगढ़, सूर्यकांत धरत तहसीलदार कुटरू तथा खण्डपीठ में संलग्न कर्मचारी कामता प्रसाद नाईक, चन्द्रशेखर नेताम, संतोष झाड़ी, प्रतीक टिंगे, सुरेश जलधर, कृष्णकांत धुर्वा, सूरजभान टेकाम, जागृति टिंगे, राजेश यादव एवं गोविंद कल्लेम को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

## पंचायतों में पारदर्शिता के लिए डिजिटल सेवाएं प्रारंभ

# समाधान शिविर में मिला जीवन को सहारा 52 हितग्राहियों को मिला राशन कार्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा





सुशासन तिहार के अंतर्गत जिले में तृतीय चरण की शुरुआत हो चुकी है। इस चरण में जिले के सभी विकासखंडों में निर्धारित तिथियों पर समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।

यह आयोजन कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव एवं सीईओ जिला

■ **शिविर में आवेदनों का किया जा रहा निराकरण**

पंचायत नम्रता जैन के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। इसी क्रम में विकासखंड छिंदगढ़ में ग्राम पंचायत कुंदनपाल में समाधान शिविरों का सफल आयोजन किया गया। ग्राम पंचायत कुंदनपाल में आज समाधान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें कुंदनपाल, कुन्ना, मिचवार, डब्बा, पुसगुन्ना, अधिकारीरास एवं गोरली के ग्रामीण शामिल हुए। इस दौरान सभी विभागीय अधिकारियों ने शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी और सभी विभागों ने स्टॉल लगाकर सुशासन तिहार अंतर्गत आवेदन ली। आवेदनों को शीघ्र निराकरण करने का आश्वासन दिया।

इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य हुंगाराम मरकाम ने कहा कि वर्तमान में सुकमा जिले में सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है और यह प्रदेश एवं देश को विकसित बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए महतारी वंदन योजना चलाई जा रही है तथा किसानों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की जा रही है। साथ ही ग्रामीणों को अपना पक्का मकान बनाने हेतु आवास योजनाओं के अंतर्गत स्वीकृति दी जा रही है। पंचायतों में पारदर्शिता के लिए डिजिटल सेवाएं प्रारंभ की गई हैं, जिससे जनता को सरकारी योजनाओं का लाभ सुगमता से मिल सके। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य हूंगा राम मरकाम, जिला पंचायत सदस्य अंजली मरकाम, जनपद सदस्य स्तुति सोढ़ी, जनपद सदस्य लक्ष्मण मंडावी, जनपद सदस्य बुधरा मुचाकी सहित सरपंच सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

समाधान शिविर कुन्दनपाल के दौरान कुल 52 हितग्राहियों को राशन कार्ड, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना और मुख्यमंत्री पेंशन योजना अंतर्गत 5 हितग्राही लाभान्वित हुए। इसके अतिरिक्त स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत 21 हितग्राहियों को व्यक्तिगत शौचालय निर्माण हेतु स्वीकृति पत्र प्रदान की गई।

### गोद भराई एवं अन्न प्रशान कार्यक्रम

सुशासन तिहार के तहत महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा अन्न प्राशन कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया, जिसमें जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में बच्चों को अन्न प्राशन कराया गया। साथ ही गर्भवती महिला को गोद भराई कार्यक्रम कर उनके स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाई गई।

## 10वीं की परीक्षा में प्रियंका ने किया जिले का नाम रोशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा



■ बस्तर संभाग में कांकेर के अलावा सिर्फ सुकमा की छात्रा ने टॉप 10 में बनाई जगह

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी परीक्षा का परिणाम आज घोषित किया गया है। कक्षा 10वीं का परीक्षाफल 89.76 प्रतिशत और 12वीं कक्षा का परीक्षाफल 84.11 प्रतिशत रहा। कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने सभी छात्रों को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी है।

कक्षा 10वीं की परीक्षा में प्रियंका मुचाकी ने सुकमा जिले का नाम रोशन किया। उन्होंने पूरे प्रदेश में टॉप 10 में जगह बनाते हुए छठवां स्थान प्राप्त किया। प्रियंका मदर टेरेसा इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल सुकमा की छात्रा हैं। इस वर्ष कक्षा 10 वीं की परीक्षा में सुकमा जिले से 1886 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी जिसमे से 1657 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। कक्षा 10 वीं की परीक्षा में 91.81 प्रतिशत बालिकाएं तथा 87.99 प्रतिशत बालक उत्तीर्ण रहे। इसी प्रकार सुकमा जिले से कक्षा 12वीं की परीक्षा में 1411 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी जिसमे से 1234 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। कक्षा 12 वीं की परीक्षा में 87.34 प्रतिशत बालिकाएं तथा 81.08 प्रतिशत बालक उत्तीर्ण रहे। उल्लेखनीय है कक्षा 12 की बोर्ड परीक्षाएं 1 मार्च से 28 मार्च के बीच आयोजित की गई थीं और कक्षा 10 की बोर्ड परीक्षाएं 3 मार्च से 24 मार्च के बीच संपन्न हुई थीं।

## विश्व रेडक्रॉस दिवस पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आज

**दंतेवाड़ा।** कार्यालय कलेक्टर द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार 8 मई को विश्व रेडक्रॉस दिवस पर राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस का आयोजन किया जाना है। उक्त स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में समस्त विभागों को उनके अंतर्गत कार्यरत अधिकारियों, कर्मचारियों को रक्तदान करने हेतु प्रोत्साहित करने एवं रक्तदान करने के इच्छुक कर्मचारियों को जिला चिकित्सालय दंतेवाड़ा में उपस्थित होने हेतु सुनिश्चित करने को कहा गया है। जिससे जरूरतमंद मरीजों को रक्त उपलब्ध कराया जा सके। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के द्वारा जिले के आमजनों, स्वयंसेवी संगठन, सामाजिक संगठन एवं पत्रकार बंधुओं से अपील की गयी है कि उक्त शिविर में भागीदारी करके रक्तदान शिविर को सफल बनाएं।

## समाधान शिविर में शासन की फ्लैगशिप योजनाओं से जुड़े आवेदनों के निराकरण को प्राथमिकता देवें : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



जिला कार्यालय के सभा कक्ष में आज समय सीमा बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता कलेक्टर कुणाल दुदावत ने की। बैठक में उन्होंने अवगत कराया कि सुशासन तिहार के अंतर्गत आगामी सप्ताहों में माननीय मुख्यमंत्री का जिले के समाधान शिविरों में संभावित प्रवास हो सकता है।

इसके साथ ही आवेदनों के निराकरण के संदर्भ में हितग्राही वार समाधान को वाचन विभाग सुनिश्चित करेगें। इसको दृष्टिगत रखते हुए उन्होंने सभी विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया कि वे अपने विभाग से संबंधित आवेदनों का निराकरण पूर्ण तथ्यों पर आधारित और प्रभावी ढंग से करें। कलेक्टर ने शासन की फ्लैगशिप योजनाओं से जुड़े आवेदनों के प्राथमिकता से निराकरण की बात कही। इसके अतिरिक्त उन्होंने मजदूरी भुगतान, पेयजल से जुड़ी शिकायतें, लंबित राजस्व प्रकरण, प्रधानमंत्री आवास योजना की स्वीकृति, उज्ज्वला योजना, मुख्यमंत्री जनदर्शन के तहत प्राप्त आवेदनों, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के क्रियान्वयन, और आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत कार्ड निर्माण की वर्तमान स्थिति की समीक्षा की। राष्ट्रीय आजीविका मिशन के तहत कलेक्टर ने कहा कि लखपति दीदी पहल हेतु संभावित लखपति को प्रत्येक विभाग की योजना का लाभ दिलाना चाहिए एवं प्रत्येक विभाग की सम्भावित हितग्राही उक्त लखपति दीदी होने पर उनको लखपति बनाने में आसानी होगी। इसके अलावा उन्होंने चिकित्सालयों के एनआरसी केन्द्रों में कुपोषित बच्चों की शत प्रतिशत उपस्थित दर्ज कराने हेतु महिला एवं बाल विकास तथा स्वास्थ्य विभाग आपसी समन्वय करने के निर्देश के साथ-साथ ही निक्षयः निरामयम योजना के तहत निक्षयः मित्र बनाने के लिए अधिकारियों के साथ-साथ पंचायत स्तर के मैदानी कर्मचारियों को भी इसका दायित्व सौंपने को कहा।

## समाज को सही दिशा में लाने का कार्य करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लोहंडीगुड़ा



माहरा समाज आमाबाल 44 गांव परगना के नाईक बदनराम चौहान अपने गृह ग्राम आमाबाल में नाईक भोज दिया। इसमें बस्तर संभाग के पदाधिकारी शामिल हुए। आमाबाल 44 गांव परगना के अलावा चित्रकोट गढ़िया रायकेरा करेकोट परगना समेत अन्य परगना के नाईक -पाइक एवं समाज प्रमुख समाज सेवक भी सम्मिलत हुए।

माहरा समाज बस्तर संभाग अध्यक्ष राजू बघेल सभा को संबोधित करते हुए कहा कि बस्तर संभाग में माहरा प्राकृतिक पूजक है, देवी-देवता मानने वाले हैं, सनातन धर्म मानने वाले हैं, समाज को कुछ लोग दिशा भटकाने का कार्य कर रहें हैं, यह गलत है और कहा माहरा समाज के नाईक-पाइक समाज का रीति नीति जो परंपरागत चलते आ रही है उसे बचाया हैं।

समाज संरक्षक विनय सोना सभा को संबोधित करते हुए कहा समाज के कुछ साथी है जो विपरीत दिशा में गए हुए हैं उन्हें समाज सही दिशा में लाने का कार्य कर रही है, अर्थात प्रलोभन के जाल में फंसे हुए हैं उनके लिए भी समाज के दरवाजा खुला छोड़ गया है हमारा रूढ़िवादी परंपरा सनातन देवी देवता प्रकृतिक पूजा सेवा हमारा हिंदू धर्म हैं इसमें पुनः शामिल हो सकते हैं अन्यथा समाज को मिल रही उस लाभ से वंचित होना पड़ सकता है।

इस कार्यक्रम का संचालन लिब्रूराम कश्यप एवं लेबोराम नाग के द्वारा किया गया।

ग्राम पंचायत आमाबाल 44 गांव परगना के नाईक बदनराम चौहान अपने गृह ग्राम में बस्तर संभाग के पदाधिकारी के अलावा समस्त परगना के नाईक-पाइक तथा समाज प्रमुख समाज सेवक एवं समाज कार्यकर्ता को निमंत्रण कर नाईक भोज दिया, यह सराहनीय कार्य रहा।

इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से संभागीय अध्यक्ष राजू बघेल, संरक्षक विनय सोना, संस्कृत प्रकोष्ठ अध्यक्ष मंगलू कश्यप, जिला अध्यक्ष कन्या सोना, जिला कोषाध्यक्ष डीकेस वासुदेव नाग, उपाध्यक्ष भारत चालकी, भुवनेश्वर नाग, आमाबाल 44 गांव परगना अध्यक्ष भुवनेश्वर बघेल, लेबोराम नाग, चित्रकोट परगना नाईक मनीराम चौहान, पाईक बलदेव नाग, गढ़िया परगना नाईक सुंदर लाल बघेल,अजय बघेल, सुबंदूराम, रतीराम, सुफल, विद्याधर, गौतम, तुलसी, पीलाराम,देऊराम, अन्य सैकड़ो समाज सेवक समाज प्रमुख उपस्थित रहे।

## शिविर में मैदानी अमलों की शतप्रतिशत उपस्थिति रहे : मिश्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर



मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन विष्णुदेव साय के मंशानुसार आम जनता के समस्याओं का निराकरण सुनिश्चित करने प्रशासन की पहुंच उन तक सुगमतापूर्वक हो इस हेतु समाधान शिविर का आयोजन एक माह तक जारी रहेगा।

समाधान शिविर को सर्वप्राथमिकता देते हुऐ शिविर आयोजित स्थल एवं उनके संबंधित गांवो में पदस्थ मैदानी अमलों की उपस्थिति शिविर में शतप्रतिशत हो। इसका विशेष ध्यान रखने सहित समाधान शिविर में अधिक से अधिक आवेदनों का निराकरण कर शिविर के माध्यम से निराकृत प्रकरणों की घोषणा करते हुए आवेदकों को अवगत कराएं। स्थानीय जनप्रतिनिधि सरपंच, जनपद, जिला पंचायत के सदस्य, उपाध्यक्ष एवं अध्यक्षों को आमंत्रित कर हितग्राहियों को जनप्रतिनिधियों के माध्यम से लाभान्वित कराएं। शिविर में उपस्थित जनसमुदाय के लिए आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने सभी विभागों द्वारा अपने विभागीय योजनाओं की समुचित जानकारी ग्रामीणों को देने एवं विभाागीय योजनाओं से लाभान्वित करें। उक्त निर्देश कलेक्टर संबित मिश्रा ने साप्ताहिक समय सीमा की बैठक में समस्त अधिकारियों को दिए। ज्ञात हो कि कलेक्टर द्वारा सभी शिविरों का स्वयं मॉनिटरिंग किया जा रहा है। मुख्यमंत्री जनदर्शन में प्राप्त कोई भी आवेदन लंबित न हो दो दिवस के भीतर आवेदनों का नियमानुसार निराकरण करते हुए अवगत कराने को कहा। 10 मई को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत में पीठासीन अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। उक्त अधिकारियों को लोक अदालत का संचालन करने अधिक से अधिक प्रकरणों का निराकरण लोक अदालत के माध्यम से कराने हेतु आवश्यक मार्गदर्शन भी दिए।

9 मई को जिला अस्पताल में नाक, कान, गला रोग विशेषज्ञ ईएनटी की उपस्थिति रहेगी जिले में चिन्हांकित नाक, कान, गला रोग के संभावित मरीजों एवं दिव्यांगजनों का परीक्षण शतप्रतिशत कराने सीईओ जनपद पंचायत के माध्यम से चिन्हांकितों की उपस्थिति सुनिश्चित कराने के निर्देश समस्त सीईओ जनपद पंचायत एवं उप संचालक समाज कल्याण विभाग को दिए। वहीं जिले में चिन्हांकित दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण एवं यूडीआईडी कार्ड वितरण की जानकारी ली।

कलेक्टर ने बताया कि ग्रीष्म कालीन शिविर के रूप में स्कूल वेंडे वरार्ट पण्डुम का व्यापक स्तर पर आयोजन किया जा रहा है। जो ग्राम स्तर पर प्रथम एजुकेशन फाउण्डेशन के माध्यम से 397 ग्रामों में आयोजित करने के साथ-साथ स्थानीय वालिंटियर एवं अनुदेशकों के माध्यम से अबेकश, रीडिंग एवं राइटिंग कैम्पेन निबंध, कहानी, लेखन, गणितीय संक्रियाओं का अभ्यास विशेषकर कोविड के दौरान पढ़ाई में हुऐ नुकसान को दूर करने कक्षा 5वीं एवं 6वीं के बच्चों के लिए विशेष कक्षाओं का आयोजन प्रतिदिन 2 घंटे किया जा रहा है।

संकुल स्तर पर रचनात्मक गतिविधियों, चित्रकला, खिलौना निर्माण, कबाड़ से जुगाड़, वादन में ढोलक, तबला, हारमोनियम, गायन, और पारंपरिक खेलों का आयोजन संकुल स्तर पर 34 स्थानों पर किया जा रहा है। वहीं जिले के अत्यंत सुदूरवर्ती क्षेत्र के विद्यार्थी जिन्होने जिला मुख्यालय को नहीं देखा है उनका एक्सपोजर विजिट कराया जाएगा जिसमें नियद नेल्लानार क्षेत्र के बच्चे जिला कार्यालय, पुलिस अधीक्षक कार्यालय, सेन्ट्रल लाईब्रेरी, वीआर सेट, जिला अस्पताल जैसे विभिन्न स्थानों का भ्रमण करेंगे।

## मनरेगा मजदूरों ने मनाया रोजगार दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा




महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के अंतर्गत प्रत्येक माह की 7 तारीख को "रोजगार दिवस" के रूप में मनाया जाता है। इसी कड़ी में जिला दंतेवाड़ा के चारों विकासखंड दंतेवाड़ा, गीदम, कटेकल्याण एवं कुआकोंडा की विभिन्न ग्राम पंचायतों में वित्तीय वर्ष 2025-26 का दूसरा रोजगार दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया।

इस अवसर पर तकनीकी सहायक एवं रोजगार सहायकगण द्वारा श्रमिकों को गांव में ही उपलब्ध कार्यों की जानकारी दी गई तथा उन्हें अन्य राज्यों में पलायन करने के बजाय स्थानीय स्तर पर उपलब्ध अवसरों का लाभ उठाने हेतु प्रेरित किया गया। उन्हें बताया गया कि मनरेगा योजना के तहत केंद्र सरकार द्वारा दैनिक मजदूरी राशि में वृद्धि की गई है, और वर्तमान में श्रमिकों को प्रति दिवस 261 रूपये की दर से मजदूरी दी जा रही है। रोजगार दिवस पर श्रमिकों को उनके अधिकारों, सुविधाओं तथा मनरेगा से जुड़ी अन्य कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना, शौचालय निर्माण, व्यक्तिगत लाभ के कार्य एवं जल संरक्षण से संबंधित योजनाओं के बारे में बताया गया तथा अधिक से अधिक पंजीयन कर लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

वर्तमान में जिले में मनरेगा अंतर्गत बड़ी संख्या में श्रमिक प्रधानमंत्री आवास योजना के निर्माण कार्यों में कार्यरत हैं। इसके साथ ही जनपद पंचायत गीदम, कटेकल्याण एवं कुआकोंडा के अंतर्गत डबरी निर्माण, बोल्डर चेक डेम, गेबियन संरचना जैसे जल संरक्षण एवं संवर्धन कार्य भी सक्रिय रूप से किए जा रहे हैं। इन कार्यों से न केवल ग्रामीणों को रोजगार मिला है, बल्कि जल संसाधनों के स्थायी विकास में भी योगदान हुआ है। मजदूरी दर में हुई वृद्धि से श्रमिकों में कार्य करने की रुचि व उत्साह में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। रोजगार दिवस का आयोजन श्रमिकों को योजनाओं से जोड़ने, जागरूकता फैलाने तथा उन्हें स्वावलंबी बनाने की दिशा में एक सकारात्मक प्रयास सिद्ध हो रहा है।

## संवेदनशील क्षेत्र पुनपल्ली में 10 परिवारों को मिला व्यक्तिगत शौचालय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा



सुशासन तिहार के अंतर्गत जनसुनवाई और त्वरित समाधान की प्रक्रिया में जिले में कुल 98 हितग्राहियों को व्यक्तिगत शौचालय निर्माण के लिए स्वीकृति प्रदान की गई है। यह कार्यवाही उन आवेदनों के आधार पर की गई, जिनमें ग्रामीणों ने समाधान शिविर के दौरान अपनी समस्याएं रखी थीं।

ग्रामीणों की माँग पर त्वरित कार्यवाही करते हुए जिला सीईओ श्रीमती नम्रता जैन ने इस पर तुरंत संज्ञान लेते हुए पात्रता की पुष्टि कर उन्हें स्वीकृति प्रदान की। प्राप्त जानकारी के अनुसार सुकमा विकासखंड में 36, कोंटा विकासखंड के 10 और छिंदगढ़ विकासखंड के 52 कुल 98 हितग्राहियों को सुशासन तिहार में व्यक्तिगत शौचालय स्वीकृत किया गया। कोंटा विकासखंड के संवेदनशील क्षेत्र पुनपल्ली पंचायत में 10 हितग्राहियों को व्यक्तिगत शौचालय की स्वीकृती प्रदान की गई। सरकार द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छ भारत मिशन और सुशासन तिहार की भावना को मूर्त रूप देने में यह पहल एक महत्वपूर्ण उदाहरण है।

HEALTH TOWN

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद
"संस्कारित मातृत्व का पथ - गर्भसंस्कार कार्यक्रम"
मातृत्व की यात्रा को बनाएं सकारात्मक और सशक्त
"मातृत्व की ओर बढ़ते हर कदम में साथ आपके लिए विशेष दंपतियों के लिए जागरूकता कार्यक्रम"
JOIN OUR SEMINAR
Mantras chanting | Yoga and exercise | Music therapy | garbh savand
14 मई, बुधवार 2025, समय : 04.00 PM
◀ रजिस्ट्रेशन के लिए स्कैन करें
SCAN ME
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें : महाराष्ट्र मण्डल चौबे कालोनी, रायपुर 492001,
मो. 91119-12122, 91119-22122 www.shreyanayurveda.com
Dr. Pallavi Kshirsagar

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
● सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
● ऑपरेशन द्वारा ईलाज
● नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
● टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
● दांतो की नसों का इलाज
● दांतों की सफाई व चमकाना
● दंत प्रत्यारोपण
● मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

### शपथ पत्र

मैं दिवाकर भारद्वाज पिता स्व. चक्रधर भारद्वाज उम्र 46 वर्ष निवासी ग्राम बड़ांजी खासपारा तहसील लोहण्डीगुड़ा जिला बस्तर छ.ग. का शपथपूर्वक निम्न कथन व्यक्त करता हूँ:-

1. यह कि मेरे सुपुत्र का नाम समस्त दस्तावेज में टेनिस भारद्वाज TENISH BHARDWAJ पिता दिवाकर भारद्वाज DIWAKAR BHARDWAJ दर्ज है मेरे सुपत्र के आधारकार्ड क्रमांक 7758 2691 2343 में नाम हेमन्त कुमार भारद्वाज HEMANT KUMAR BHARDWAJ पिता श्री दिवाकर भारद्वाज DIWAKAR BHARDWAJ निवासी ग्राम बड़ांजी खासपारा तहसील लोहण्डीगुड़ा जिला बस्तर छ.ग. दर्ज है। मेरे सुपुत्र का जन्मतिथि 15/12/2014 है। जो कि पढ़ाई कर रहा है।
2. यह कि मैं अपने सुपुत्र का नाम टेनिस भारद्वाज TENISH BHARDWAJ पिता दिवाकर भारद्वाज DIWAKAR BHARDWAJ करना चाहता हूं रखना चाहता हूं तथा समस्त दस्तावेजों में अपने सुपुत्र का नाम हेमन्त कुमार भारद्वाज HEMANT KUMAR BHARDWAJ को विलोपित कर अपने सुपुत्र का नाम टेनिस भारद्वाज TENISH BHARDWAJ पिता दिवाकर भारद्वाज DIWAKAR BHARDWAJ करना चाहता हू। मेरे सुपुत्र के सभी दस्तावेजो में नाम टेनिस भारद्वाज TENISH BHARDWAJ पिता दिवाकर भारद्वाज DIWAKAR BHARDWAJ नाम से भविष्य में जानने पहचानने बाबत गजट सर्टिफिकेशन प्रकाशन कराने उपरोक्त तथ्यों के समर्थन में शपथपत्र निष्पादित किया।

शपथकर्ता

**खबर संक्षेप**

### उल्लास कार्यक्रम में पहुंचे पालक



जगदलपुर। उल्लास कार्यक्रम के तहत वेबीनार में भारी संख्या में भगत सिंह स्कूल पर पालक एवं प्राथमिक शाला, माध्यमिक शाला के शिक्षक श्रीमती यास्मीन खान, इंद्रा मथरानी, सीमा मरकाम, याशिका, इंद्राणी, उमेश प्रताप सिंह, विशाल देवांगन, श्रीमती रुपलता पांडे एवं नलिन शुक्ला शामिल रहे।

### न्यायालय परिसर में लगा एचएसआरपी का शिविर



जगदलपुर। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी डीसी बंजारे ने बताया कि शहर के जिला न्यायालय में गुरूवार से एचएसआरपी का शिविर आयोजित किया गया। शिविर में वाहनों पर हाई सिक्यूरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगाने के प्रक्रिया शुरू की।

## गुरिया और तोकापाल विकासखंड के छापर भानपुरी में समाधान शिविर

# योजनाओं का किया जा रहा बेहतर क्रियान्वयन : केदार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बस्तर जिले के विकासखंड तोकापाल और बस्तर के दो ग्राम पंचायतों में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। बुधवार को बस्तर विकासखंड के ग्राम गुरिया के आम बगीचा में आयोजित समाधान शिविर में 13 पंचायत को सम्मिलित

- **गुरिया समाधान शिविर में वनमंत्री, सांसद, जिला पंचायत अध्यक्ष और छापर भानपुरी में विधायक विनायक हुए शामिल**

किया गया जिसमें राजपुर, मुंडागांव, कोहका सिवनी, मावलीगुड़ा, गुनपुर, अलवाही, गुरिया, जाटनपाल, सुधपाल, रतेंगा, कुरुषपाल, पूर्वी टेमरा, पश्चिम टेमरा, तीरथा, नारायणपाल, घोटिया, बोदरा,भैंसगांव और सौरापाल है। इस शिविर में 4558 आवेदन प्राप्त हुए थे जिसमें 4535 आवेदनों का निराकरण किया गया है और 23 लंबित हैं। सर्वाधिक आवेदन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को मिला था।

इसी प्रकार तोकापाल विकासखंड के छापर भानपुरी में मीडिल स्कूल परिसर मैदान में आयोजित समाधान शिविर में कोंडालूर, तोतर, छिंदबहार, घाट धनोरा, टिकरा धनोरा, मरकापाल, घाटसरगीपाल, सिंगनपुर, सोनारपाल, तारागांव, चोंडीमेटावाडा, छापरभानपुरी, सिरिसगुडा, बड़े सिरिसगुडा, साकरगांव और बुरर्जी ग्राम पंचायत को शामिल किया गया था। इस शिविर में 2737 आवेदन प्राप्त हुए थे जिसमें 2725 आवेदनों का निराकरण किया गया है और 15 लंबित हैं। सर्वाधिक आवेदन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को ग्रामीण आवास, सामाजिक सहायता पेंशन इत्यादि के लिए प्राप्त हुआ था।

बस्तर ब्लॉक के गुरिया में आयोजित समाधान शिविर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वन मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि सुशासन तिहार के माध्यम से विभागीय योजनाओं को लाभ देने का प्रयास किया जा रहा है साथ ही समस्याओं और मांगों के लिए आवेदन किया गया जिसका समाधान शिविर में जानकारी दी जा रही है। इस अवसर पर संबंधित क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य, जनपद पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सदस्य, ग्रामों के सरपंच, जिला पंचायत सीईओ प्रतीक जैन, एसडीएम बस्तर ऋषिकेश तिवारी, एसडीएम तोकापाल शंकरलाल सिंहा संबंधित क्षेत्र के तहसीलदार, जनपद पंचायत सीईओ, शिविर के नोडल अधिकारी सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।





### सरकार को सबकी चिंता

मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि विभागों में किस योजना के लिए ज्यादा आवेदन आ रहे हैं उस पर भी विचार करने की आवश्यकता है। सरकार बहुत सारी जनकल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन कर रही है जिसमें महतारी वंदन योजना, आयुष्मान कार्ड, तेंदूपत्ता संग्रहण पारिश्रमिक राशि 5500 रुपए मानक बोरा, प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नागरिकों को मिल रहा है। विकास कार्यों में विस्तार के फलस्वरूप अब इलाज की सुविधा, आवागमन हेतु सड़क, बिजली की मांग नहीं आती है क्योंकि सरकार ने जनता की मांगों पर व्यवस्था किया है । सरकार सब की चिंता करती है और जनता के कल्याण की नियत और नीति से विकास कार्य को गति देती है।

### विकास के लिए सरकार तत्पर

सांसद महेश कश्यप ने कहा कि विकास के लिए सरकार तत्पर है सुशासन तिहार के माध्यम से आमजनों के मांगों और शिकायतों का निराकरण किया गया है। इस शिविर में 4561 आवेदनों का निराकरण किया गया है। मुख्यमंत्री साय के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा जनहितकारी योजनाओं का लगातार बेहतर क्रियान्वयन किया जा रहा है। सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ निःशुल्क उपलब्ध हो रहा है। लेकिन क्षेत्र में उद्योग स्थापना, खेल गतिविधियों के आधारभूत संरचना या प्रशिक्षण से संबंधित कोई आवेदन नहीं आना युवाओं के भविष्य के लिए सजगता की कमी है, इस पर विचार करने की जरूरत है।

### शिविर में आवेदनों के निराकरण की दी जा रही जानकारी

जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप ने कहा कि सुशासन तिहार सरकार की अच्छी पहल है और समाधान शिविर के माध्यम से लोगों को उनके आवेदनों की निराकरण की जानकारी दी जा रही है। कार्यक्रम में अतिथियों ने विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन किया । विभाग द्वारा मौके पर मिल रहे आवेदनों का भी तत्काल निराकरण करने का प्रयास किया गया। छापर भानपुरी समाधान शिविर में मुख्य अतिथि के रूप बस्तर सांसद महेश कश्यप, विधायक चित्रकोट विनायक गोयल ने कार्यक्रम को संबोधित किया।

# भगवान भोलेनाथ का हुआ अभिषेक-पूजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

नगर के सर्किट हॉउस रोड पर स्थित सीताराम शिवालय का 56 वां स्थापना दिवस बुधवार की सुबह भगवान भोलेनाथ का अभिषेक-पूजन के साथ शुरू हो गया है। प्रातः 10 बजे अखण्ड रामायण स्थापना एवं पूजन किया गया। गुरुवार को अखण्ड रामायण समापन के पश्चात हवन, आरती एवं प्रसाद वितरण किया जाएगा। गुरुवार की शाम 5 बजे से शोभायात्रा निकाली जाएंगी। शोभायात्रा सीताराम सिवालय से शुरू होकर श्रीराम चौक, महावीर चौक, मेन रोड़ से गोल बाजार, गुरु नानक चौक, संजय बाजार से होकर चाँदनी चौक होकर वापस मंदिर प्रांगण पहुंच शोभायात्रा सम्पन्न होगा। शोभायात्रा के पश्चात कैलाश भवन में महाप्रसाद (समाजिक भोज) का आयोजन किया जाएगा।

# लाभर्थियों को मिला प्रमाण पत्र एवं कार्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

सुशासन तिहार के अंतर्गत तीसरे चरण के समाधान शिविर में विभिन्न शासकीय योजनाओं के लाभार्थियों को त्वरित लाभ मिला है। समाधान शिविर छापर भानपुरी में राजस्व, वन, खाद्य

- **समाधान शिविर में त्वरित निराकरण के लिए लाभार्थियों ने की शासन प्रशासन का जताया आभार**

और श्रम विभाग के हितग्राही को किसान किताब की द्वितीय प्रति, खसरा बी-वन, स्थानीय निवास प्रमाण पत्र, स्थायी सामाजिक प्रास्थिति प्रमाण पत्र, किसान वृक्ष मित्र योजना, श्रमिक कार्ड, राशन कार्ड का वितरण किया गया। इस दौरान लाभान्वित होने वाले हितग्राहियों ने शासन-प्रशासन के त्वरित समाधान कार्यवाही के लिए आभार जताया।

सुशासन तिहार के तहत छापर भानपुरी कलस्टर में राजस्व विभाग अंतर्गत कुल 73 आवेदन मिले थे। जिसमें राजस्व विभाग ने तत्काल निराकरण कर नामांतरण के 7 आवेदन में से 4 निराकृत एवं 3 लंबित है। बंटवारा के 17 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें से 16 निराकृत एवं 1 लंबित है एवं सीमांकन के प्राप्त 9 आवेदनों का निराकरण हो चुका है। इसके साथ ही राजस्व रिकॉर्ड में नाम सुधार एवं रकबा सुधार के प्राप्त 3 आवेदनों का निराकरण किया गया। शेष आवेदकों को निराकरण सम्बन्धी कार्यवाही के लिए अवगत कराया गया।



समाधान शिविर में ग्रामीणों को किसान किताब सहित जाति-निवास प्रमाण पत्र, राशन कार्ड प्रदाय किए जाने पर इन हितग्राहियों ने त्वरित पहल के लिए राज्य सरकार को धन्यवाद दिया। जिसमें छापर भानपुरी के निवासी गणपत ने भू-अभिलेख में त्रुटि सुधार हेतु सुशासन तिहार में आवेदन किया था उक्त आवेदन के अनुसार राजस्व विभाग द्वारा तत्काल सुधार कर बी-वन जारी किया गया। इसी प्रकार जाति, आय, निवास प्रमाण पत्र हेतु 9 आवेदनों में से सिंगनपुर निवासी गौतम साहू ने स्थानीय निवास प्रमाण पत्र के लिए आवेदन दिया था उसका भी निराकरण किया गया। स्थायी सामाजिक प्रस्थिति प्रमाण पत्र के लिए श्रद्धा साहू ने भी आवेदन किया था उसका भी प्रमाण पत्र जारी किया गया। किसानों से पुराने जीर्णशीर्ण किसान किताब की द्वितीय प्रति के लिए दो आवेदन प्राप्त हुए थे जिसका निराकरण विभाग द्वारा किया गया। लाभार्थी लछिन्दर ने बताया कि मैंने किसान किताब की द्वितीय प्रति के लिए तिहार में आवेदन किया था, विभाग ने तत्काल बनाकर मुझे किसान किताब की दूसरी कॉपी प्रदान की है। लछिन्दर इसके लिए शासन-प्रशासन के प्रति कृतज्ञता प्रकट करते हुए कहा कि अब उसे बैंक से ऋण लेने तथा शासन की जनहितकारी योजनाओं से लाभान्वित होने में सहूलियत होगी। वन विभाग को बड़े सिरिसगुड़ा निवासी लोकेश राम कुंजाम ने सुशासन तिहार में ग्राम पंचायत बड़े सिरिसगुड़ा में पौधा लगाने हेतु खसरा नंबर के साथ ऑनलाइन आवेदन किया गया था जिसका विभाग द्वारा आवश्यक दस्तावेजों का परीक्षण कर लोकेश को किसान वृक्ष मित्र योजना के तहत नाम जोड़ा गया है। वन विभाग द्वारा वर्षा ऋतु के पूर्व क्लोनल नीलगिरी पौधा प्रदाय किया जाएगा। श्रम विभाग द्वारा सिरिसगुड़ा निवासी मुडे कुंजम को श्रमिक कार्ड बनाकर दिया गया। सुशासन तिहार में नवीन राशन कार्ड के लिए आवेदन मिले थे खाद्य विभाग द्वारा तत्काल आवश्यक दस्तावेजों का जांच कर हितग्राहियों सिरिसगुड़ा की पद्मावती बघेल एवं पार्वती बघेल को नवीन राशन कार्ड बनाकर प्रदाय करने पर इन दोनों हितग्राहियों ने सरकार को धन्यवाद देते हुए कहा कि अब उन्हें उचित मूल्य दुकान से रियायती दर पर खाद्यान्न एवं अन्य जरूरी सामग्री प्राप्त हो सकेगी।

# नवीन कुमार ने लिया राष्ट्रीय उद्यान के निदेशक का पदभार



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बस्तर जिले के कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान में पूर्व निदेशक चूड़ामणि सिंह ने नवनियुक्त निदेशक नवीन कुमार को कार्यभार सौंपा। श्री सिंह के कुशल नेतृत्व में पार्क से लगे ग्राम नागलसर, तीरथगढ़ और मांजीपाल क्षेत्रों में बांस राफ्टिंग, पेदावाड़ा क्षेत्र में हीलिंग सेंटर, ग्लास ब्रिज, ईको-कॉटेज, इंटरप्रिटेशन सेंटर, संरक्षण ढांचा तथा जंगल में आग से सुरक्षा जैसी महत्वपूर्ण कार्य की पहल की गई, जो पर्यावरणीय पर्यटन और पारिस्थितिकी संरक्षण को एक नई दिशा प्रदान करेंगी।

# देवगुड़ी केशरपाल का जीर्णोद्धार, सौन्दर्यीकरण का किया लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

वन मंत्री केदार कश्यप ने बुधवार को मां दन्तेश्वरी परगना देवगुड़ी केशरपाल का जीणोर्धार एवं सौन्दर्यीकरण कार्य का लोकार्पण किया। इस कार्यक्रम में जिला

- **देवगुड़ी में 47 गांव के लोग देवी देवताओं के साथ मनाते जातरा**

पंचायत अध्यक्षता श्रीमती वेदवती कश्यप, जनपद पंचायत अध्यक्ष संतोष बघेल, जिला पंचायत सदस्य निर्देश दीवान, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष रूपसिंग मण्डावी, ग्राम सरपंच, पंच, वन मण्डलाधिकारी उत्तम कुमार गुप्ता, उप वन मण्डलाधिकारी आईपी बंजारे, परिक्षेत्र अधिकारी पदमलाल पाण्डेय, सहायक परिक्षेत्र अधिकारी ओमप्रकाश सिंह एवं ग्रामीण उपस्थिति रहे।



बताया जा रहा है कि ग्राम केशरपाल में पुजारी, गायता, कोटवार, पटेल, सरपंच, पंचों ने बताया कि मां दन्तेश्वरी परगना देवगुड़ी केशरपाल बहुत ही पुराने समय से परगना के रूप में यहां पर बहुत ही भक्ति भाव से 47 गांव के लोग अपनी देवी देवताओं के साथ आकर जातरा मड़ई मनाते आ रहे हैं। मां दन्तेश्वरी परगाना देवगुड़ी का निर्माण वर्ष 2004 में स्व. बलीराम कश्यप के सहयोग एवं 47 गांव के ग्रामीणों के सहायता राशि से मंदिर का निर्माण किया गया है। वर्ष 2024-25 में मंदिर प्रागंण के में पर्यावरण वानिकी योजना अंतर्गत तालाब घाट, भोजन शेड, देवगुड़ी में चबुतरा, पत्थर से बैठक व्यवस्था, गेट, मुरूम रोड निर्माण कार्य किया गया है। मां दन्तेश्वरी परगना देवगुड़ी केशरपाल के अन्दर विराजमान देवी देवताओं के नाम खमेश्वरी दुरधानी माता, हिंग्लाजिन माता, महामाई झण्डा देव, पीला पाठ (नरसिंग नाथ) देव, दुआर मुडिंया देव, जलनी बुढ़ी दाई, बारा धावनी डांड देव है। इसमें भानपुरी, करन्दोला, फरसागुड़ा, मुरकुची, बेसोली, बोड़नपाल, विश्रामपुरी, जामगांव, सोरगांव, सालेमेटा, छुरावण्ड, चारगांव, कुलझर, कोमार, छतोड़ी, बोरीगांव, सतोशा, जैबेल, गारेंगा, जिराखाल, मरेठा, छिंदगांव, चोकनार, सौंरा, तेतरगुड़ा, कोंगरा, मटनार, बागमोहलई, आमादुल्ला, बनियागांव, पल्लीभाटा, नहरनी, नंदपुरा, कुम्हली, चपका, पिपलावण्ड, सितलावंड, खोरखोसा, मावलीगुड़ा, ईच्छापुर, खड़का, कोटगण, तुरपुरा, तारागांव, बालेंगा, केशरपाल, फाफनी शामिल हैं।

# सॉफ्टबॉल स्पर्धा में बस्तर का बढ़ाया गौरव

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

आंध्रप्रदेश के नेल्लोर में आयोजित देश के 96 टीमों की ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी सॉफ्टबॉल महिला स्पर्धा में चौथे स्थान पर रही शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय टीम को विवि यूटीडी में मंगलवार को सम्मानित किया गया। पहली बार सॉफ्टबॉल स्पर्धा ने बस्तर की लड़कियां न केवल बस्तर में अपनी धाक जमाई बल्कि छत्तीसगढ़ में टॉप टीम में बस्तर का मान बढ़ाया है।

इस अवसर पर प्रतिभागी खिलाड़ियों के अलावा प्रशिक्षक एवं अन्य स्टॉफ को भी उनके उल्लेखनीय प्रयासों के लिए सम्मानित किया गया। किसी अखिल भारतीय स्पर्धा में विवि की टीम का यह बहुत ही सराहनीय प्रदर्शन है। इस टीम में शासकीय शहीद केंवट राव महाविद्यालय, बीजापुर, शासकीय महेंद्र कर्मा कन्या महाविद्यालय दंतेवाड़ा, नवीन महाविद्यालय धनोरा, कोंडागांव और विवि यूटीडी की छात्राओं ने सफल प्रतिभागिता दी। छात्राएं अपने परिश्रम और लगन के बलबूते राष्ट्रीय स्तर के स्पर्धा में बस्तर का नाम रोशन करने में सफल हुई। कुलपति एमके श्रीवास्तव ने कहा कि महिला सॉफ्टबॉल टीम ने प्रदेश और विवि का मान बढ़ाया है। विश्वास है हमारी ये बेटियां आगे के वर्षों में और भी बेहतर खेल का प्रदर्शन कर शीर्ष पर रहेंगी। विवि इनके लिए और बेहतर प्रशिक्षण सुविधा, उन्नत खेल सामाग्री और अन्य एकेडमिक लाभ देने के लिए प्रयास करेगा। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. आर लालवानी, विवि जनसंपर्क प्रभारी डॉ. वीके सोनी, स्पोर्ट्स ऑफिसर बीएल केवट, नवीन सिंह, मारूति नंदन मरकाम, एनके सिंह, सत्यनारायण सोनत, राजेंद्र सिंह राज, पवन ठाकुर सहित अन्य उपस्थित थे।



# सांसद-विधायक पहुंचे समाधान शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

सुशासन तिहार के अंतर्गत समस्या का समाधान शिविर में सांसद महेश कश्यप एवं विधायक विनायक गोयल ग्राम पंचायत छापर भानपुरी में सुशासन तिहार में सम्मलित हुए। इस अवसर पर सांसद एवं विधायक

- **भूमिहीन हितग्राहियों को भूमि पट्टा, राशन कार्ड एवं मछली जाल समेत अन्य सामग्री का किया वितरण**

ने ग्रामीणों की शिकायतों व मांगो का समाधान किया। इस दौरान शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया और ग्रामीणजनों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुनते हुए अधिकांश समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया गया।



शिविर में स्वास्थ्य, कृषि, राजस्व, पंचायत, विद्युत, महिला एवं बाल विकास, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति सहित कई विभागों ने सक्रिय भूमिका निभाई। यह शिविर केवल समस्या-निवारण तक सीमित नहीं रहा, बल्कि जरूरतमंदों को आवश्यक सामग्री का वितरण भी किया गया। बच्चों को जाति निवास प्रमाण पत्र का वितरण भूमिहीन ग्रामीणों को भूमि पट्टा प्रदान पात्र हितग्राहियों को राशन कार्ड मछुआरों को मछली पकड़ने का जाल महिलाओं और बच्चों को पोषण सामग्री एवं अन्य आवश्यक वस्तुएं इस शिविर में ग्रामीणों की उत्साहजनक भागीदारी देखने को मिली। आमजन ने सरकार की इस जनोन्मुखी पहल की खुले मन से सराहना की। यह शिविर जनकल्याण, सेवा और सुशासन की दिशा में एक सार्थक एवं महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हुआ।

इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष बलदेव मण्डावी, जिला पंचायत सदस्य कामदेव बघेल, सुश्री पदमनी कश्यप, जनपद अध्यक्ष रामबती भण्डारी, उपाध्यक्ष रितेश दास जोशी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य रैतुराम बघेल, जिला मंत्री बाबुल नाग, मण्डल अध्यक्ष सोमारू राम कश्यप, सरपंच दशमी कश्यप, मुन्ना कश्यप, जिवनाथ मौर्य, शिव सूर्यवंशी, एवं अन्य जनप्रतिनिधि,विभागीय अधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# पाक पर एयर स्ट्राइक, मनाया जश्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारत ने पाकिस्तान में 9 लोकेशन पर की एयर स्ट्राइक करने पर लोहंडीगुड़ा भाजपा मंडल कार्यालय में जबरदस्त उत्साह का माहौल देखने को मिला। पार्टी कार्यकर्ताओं ने पटाखे फोड़ कर जश्न मनाया और जांबाज भारतीय सेना को अपनी बधाई दी। लोहण्डीगुड़ा भाजपा पार्टी के ब्लॉक अध्यक्ष मंगतू कश्यप ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए मैं सभी जवानों को बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूं पहलगाम में हुए आतंकी हमले का हमारी सेना ने जवाब दे दिया है जवानों के इस साहस और शौर्य को मैं नमन करता हूं। भारतीय सेना के पाक में चिन्हित स्थानों पर एयर स्ट्राइक को लेकर कार्यकर्ताओं ने पटाखे फोड़ कर अपना हर्ष प्रकट किया। इस दौरान जनपद पंचायत उपाध्यक्ष बसंत कश्यप, सरपंच भरत कश्यप, सावेद्र सेठिया, नरेश खार्पाडे, सुदरू सेठिया, कलम सिंह, चंद्रशेखर ठाकुर, अजय बघेल,शिबो बघेल, निरंजन बघेल सहित अन्य सदस्यों गण उपस्थित थे।

